THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI PURUSHOTTAM KAUSHIK) (a) and (b). Yes Sir. It is within the administrative competence of the Delhi Flying Club, which is a registered body under the Companies Act, to utilise the services of any of the approved Instructors for imparting flying training to trainees. Capt. Kamindra Singh who had given flying training to Shri Sanjay Gandhi for the issue of a Private Pilot's Licence is an approved Honorary Flying Instructor and Examiner.

(c) and (d). Enquiries are being made and the information will be placed on the table of the Sabha on receipt.

"बड़े अफसरों के सैर सपाटे संजय गांधी की सनक" शीर्षक से प्रकाशित समाचार

643. **श्री सुरेन्द्र विक्रम** : क्या **वित्त, तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान "9 जुलाई, 1977 के साप्ताहिक हिन्दी 'ब्लिट्ज़' में बड़े अफसरों के सैर सपाटे, संजय गांधी की सनक" शीर्षक से प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है, जिसमें अनेक बडे अफसरों के विदेशों में सैर सपाटे और जनता की गाढ़ी कमाई का आपराधिक अपव्यय का उल्लेख किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) जी, हां। समाचार में उल्लिखित अधिकारी उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी की गई अनुमतियों के अन्तर्गत 1976 में व्यावसायिक दौरों पर विदेश गये थे और उन्हें उतनी ही विदेशी मुद्रा दी गई थी जितनी नियमों के अन्तर्गत दी जानी चाहिए थी।

उपलब्ध रिकार्ड की जांच करने से यह पता चला है कि श्रीमती मोहसिना किदवई जो उस समय उत्तर प्रदेश की लघु उद्योग मंत्री थीं, भारत सरकार के औद्योगिक विकास विभाग द्वारा प्रायोजित एक सरकारी प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य के रूप में अप्रैल, 1976 में और बाद में अक्टूबर, 1976 में उत्तर प्रदेश के लघु उद्योग मंत्री की हैसियत से निर्यात संवर्धन के दौरे पर विदेश गई थीं। बाद की यात्रा उनकी निजी यात्रा से जोड़ ली गई थी। यह दौरा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई स्वीकृति के आधार पर किया गया था। इन यात्राओं के लिए विदेशी मुद्रा नियमों के अनुसार ही दी गई थी।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता।

राष्ट्रीयकृत बैंकों के मैनेजर पद के लिए निर्धारित अर्हतायें

644. **श्री रामनरेश कुशवाहा** : क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीयकृत बैंकों के मैनेजर के पद के लिए क्या अर्हताएं निर्धारित की गई है;

(ख) क्या पंजाब नेशनल बैंक दिल्ली के जनरल मैनेजर के पास ये अर्हताएं है; और

(ग) यदि नहीं, तो उन्हें इस पद पर कैसे नियुक्त किया गया ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) से (ग). राष्ट्रीयकृत बैंकों में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं अलग-अलग बैंकों में अलग-अलग हैं।

पंजाब नेशनल बैंक ने सूचित किया है कि प्रबन्धक अथवा महा-प्रबन्धक के पद पर नियुक्ति के लिए कोई विशेष योग्यताएं निर्धारित नहीं की गयी हैं। बैंक के अनुसार ऐसी नियुक्तियां शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं, अनुभव और संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की व्यक्ति की क्षमता के आधार पर की जाती हैं। इस बैंक में महा-प्रबन्धक का